# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या– PR................/2025

**सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के सत्र 2026–27 में कक्षा–VI में नामांकन हेतु दिनांक 31.10.2025 को आयोजित प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा, 2026 के परीक्षाफल जारी किए जाने एवं मुख्य प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश पत्र जारी किए जाने व परीक्षा आयोजन से संबंधित आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–VI (सत्र–2026–27) में नामांकन हेतु दिनांक 31.10.2025 को आयोजित प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा, 2026 में सम्मिलित अभ्यर्थियों, अभिभावक, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि सिमुलतला आवासीय विद्यालय प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा, 2026 के सफल 600 बालक एवं 600 बालिका अभ्यर्थियों का कोटिवार परीक्षाफल समिति के पोर्टल https://biharsimultala.com पर दिनांक 16.12.2025 के अपराह्न से अपलोड रहेगा। प्रारम्भिक प्रवेश परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी ही दिनांक 07.01.2026 को आयोजित मुख्य प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होंगे। मुख्य प्रवेश परीक्षा का प्रवेश पत्र समिति के उक्त वेबसाइट पर दिनांक 16.12.2025 के अपराह्न से अपलोड रहेगा, जिसे चयनित अभ्यर्थी/उनके अभिभावक अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से डाउनलोड करेंगे।

2. मुख्य प्रवेश परीक्षा पटना मुख्यालय में स्थित दो परीक्षा केन्द्रों यथा; (i) **शहीद राजेन्द्र प्रसाद सिंह राजकीय उ0मा0 विद्यालय, गर्दनीबाग, पटना** (बालक के लिए) एवं (ii) **कमला नेहरू बालिका उ0मा0 विद्यालय, यारपुर, गर्दनीबाग, पटना** (बालिका के लिए) पर आयोजित होगी। मुख्य प्रवेश परीक्षा का परीक्षा कार्यक्रम निम्नवत् है :–

| परीक्षा की तिथि | प्रथम पाली (पेपर–I) समय : 10:00 AM to 12:30 PM | | | द्वितीय पाली (पेपर–II) समय : 01:30 PM to 04:00 PM | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07.01.2026 | गणित | गैर–वस्तुनिष्ठ | 100 अंक | हिन्दी | गैर–वस्तुनिष्ठ | 40 अंक |
| | | | | अंग्रेजी | गैर–वस्तुनिष्ठ | 40 अंक |
| | बौद्धिक क्षमता | गैर–वस्तुनिष्ठ | 50 अंक | विज्ञान | गैर–वस्तुनिष्ठ | 40 अंक |
| | | | | सामाजिक विज्ञान | गैर–वस्तुनिष्ठ | 30 अंक |
| | | **कुल** | 150 अंक | | **कुल** | 150 अंक |

3. **सिमुलतला आवासीय विद्यालय मुख्य प्रवेश परीक्षा, 2026 के परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निदेश :–**

(i) परीक्षार्थी को दोनों पालियों में परीक्षा प्रारम्भ होने से तीस (30) मिनट पूर्व तक परीक्षा कक्ष में प्रवेश करना अनिवार्य होगा, अन्यथा विलम्ब होने की स्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। अर्थात् प्रथम पाली में 09:30 पूर्वाह्न बजे तक एवं द्वितीय पाली में 01:00 अपराह्न बजे तक ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी।

(ii) प्रश्न पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा में होंगे।

(iii) मुख्य प्रवेश परीक्षा दो पत्रों (पेपर–I एवं पेपर–II) की होगी। प्रत्येक पत्र 150–150 अंकों अर्थात् कुल 300 अंकों का होगा।

(iv) प्रत्येक पत्र के लिए 32 पृष्ठों वाली एक उत्तरपुस्तिका दी जाएगी।

(v) प्रश्नों का स्तर बिहार सरकार, शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर वर्ग–VI के लिए पाँचवीं स्तर का होगा।

(vi) परीक्षा भवन में कैलकुलेटर, मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का प्रयोग वर्जित रहेगा।

15/12/25

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

15/12

d:\simultala\sav 2026\pt 2026\advt\result with admit card download pt.docx

**ज्ञापांक** : के0वि0-660 / 2025 पटना, दिनांक : 15 / 12 / 2025

**प्रतिलिपि** : 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को दैनिक समाचार–पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

2. ई0डी0पी0 मैनेजर, आई0टी0 (विविध), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।अनुरोध है कि संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी को इस विज्ञप्ति से अवगत कराने हेतु इसे समिति के B.S.Ex.B.Mobile App पर डाल दिया जाए तथा अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाय तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाए।

3. Project Manager, M/s Antier Solutions Private Limited, Chandigarh को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

d:\simultala\sav 2026\pt 2026\advt\result with admit card download pt.docx